BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

## सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने, पाकिस्तान में निवेश आकर्षण मिशन के दौरान, GT20, BHive और अल्गोमा ब्रैम्पटन को आगे बढ़ाया

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (12 मई, 2023) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने इस सप्ताह पाकिस्तान (Pakistan) का अपना पहला सफल व्यक्तिगत निवेश मिशन पूरा किया, जहां चुने हुए प्रतिनिधियों और आर्थिक विकास विशेषज्ञों का प्रतिनिधि मंडल, भविष्य के संभावी निवेशकों और कारोबारी साझेदारों को मिला।

इस मिशन का नेतृत्व, मेयर पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown) ने किया और इसमें शामिल थे, सिटी काउंसलर रोड पावर (Rod Power), कैनेडा पाकिस्तान बिजनेस काउंसिल (Canada Pakistan Business Council), प्रेजिडेंट और अल्गोमा यूनिवर्सिटी (Algoma University) की वाइस-चांसलर, आसिमा, सी. वेज़िना (Asima C. Vezina) और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के इकोनॉमिक डिवेल्पमेंट ऑफिस (Economic Development Office) के मेम्बर, डायरेक्टर क्लेयर बार्नेट (Clare Barnett) सहित।

यह प्रतिनिधि मंडल, बड़ी कंपनियों, नेटसोल टेक्नोलॉजी (Netsol Technology) और कोनटूर सॉफ्टवेयर हाउस (Contour Software House) के साथ-साथ, साइबरसिक्योरिटी, मेडिकल टेक्नोलॉजी और एडवांस्ड मेन्युफेक्चरिंग के एग्जीक्यूटिवों से मिला, जो सिटी के महत्वपूर्ण विकास सेक्टरों के साथ मिला हुआ है। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने, निवेश आकर्षण मिशनों के लिए केंद्रित क्षेत्रों को लक्ष्य बनाया, जो डेटा संचालित विशलेषण पर आधारित है, इससे पता चलता है कि पिछले अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों, ब्रैम्पटन के विविध प्रवासी समुदाय, डेमोग्राफिक समानताओं और बिजनेस रिटेंशन एंड एक्सपेंशन (Business Retention and Expansion) (BR&E) अवसरों के आधार पर कौन-सी मार्किटों में निवेश के सबसे शानदार अवसर और लंबी-अवधि की नौकरी वृद्धि है।

ब्रैम्पटन के विस्तार की अपनी हाल ही की घोषणा के आधार पर, मेयर ब्राउन ने, पाकिस्तान जाते हुए अबु धाबी (Abu Dhabi) में रुकने के दौरान यूनिटी टेक्नोलॉजी (Unity Technology) से मुलाकात की और उनके सेंटर ऑफ एक्सिलेंस (Centre of Excellence) का टूर किया। ब्रैम्पटन का इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट (Innovation District) जल्दी ही अल्गोमा यूनिवर्सिटी के साथ यूनिटी के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सिलेंस (National Centre of Excellence) की जगह होगा, जो वीडियो गेमिंग सेक्टर में प्रतिभा को विकसित करेगा। PwC के ग्लोबल एंटरटेनमेंट एंड मीडिया आउटलुक 2022-2026 (Global Entertainment & Media Outlook 2022-2026), 2026 में ग्लोबल वीडियो गेम्स और एस्पोर्ट्स का राजस्व, 323.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़ने का पूर्व अनुमान बताता है। इस इंडस्ट्री में देखी गई शानदार वृद्धि के साथ, सिटी इस अवसर पर ध्यान केंद्रित कर रही है और ब्रैम्पटन में भविष्य की नौकरियां ला रही है।

कराची, पाकिस्तान (Karachi, Pakistan) में, मेयर ब्राउन, पाकिस्तान की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान, शाहिद अफरीदी (Shahid Afridi) को मिले। अफरीदी, इस गर्मी GT20 कैनेडा (GT20 Canada) टूर्नामेंट के लिए ब्रैम्पटन आएंगे। ब्रैम्पटन जल्दी ही कैनेडा की क्रिकेट राजधानी बनने वाला है क्योंकि यह अपनी सिटी लैंड्स (City Lands) साइट पर सर्वश्रेष्ठ मल्टी-पर्पज क्रिकेट फैसिलिटी बनाने के लिए काम कर रहा है।

प्रतिनिधि मंडल, भविष्य में सहयोग अवसरों को रणनीतिक बनाने के लिए, पंजाब बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेड (Punjab Board of Investment and Trade) और पंजाबी आई.टी. बोर्ड (Punjab IT Board) से भी मिला। ब्रैम्पटन कोलिशन (Collision) के दौरान, जो दुनिया की सबसे बड़ी टेक कान्फ्रेंस में से एक है और जून में टोरोंटो रीजन (Toronto Region) में हो रही है, पाकिस्तान के कई प्रतिनिधि मंडलों की मेजबानी करने के लिए उत्साहित है।

BHive, जो ब्रैम्पटन में इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट में एक मुख्य स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर है, मिशन के दौरान महत्वपूर्ण प्रचार सहायक था। इसका ग्लोबल एंटरप्रीनियर इनक्यूबेशन प्रोग्राम (Global Entrepreneur Incubation Program), अंतर्राष्ट्रीय उद्मियों की मदद के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे उत्तरी अमेरिकी (North American) मार्किट में सफल होने के लिए आवश्यक संसाधन प्राप्त कर पाएं, यह अंतर्राष्ट्रीय स्टार्टअप्स के लिए सॉफ्ट-लैंडिंग जगह बनाता है और इसे ब्रैम्पटन में विस्तार चाहने वाले निर्माताओं के साथ कई मीटिंगों में महत्वपूर्ण सहायता के तौर पर शामिल किया गया था।

BHive, इस वसंत अगले दल में पाकिस्तानी स्टार्टअप्स का स्वागत करने के लिए उत्साहित है, जिसमें शामिल हैं, माइट्यूटरपॉड (MyTutorPod) के को-फाउंडर और सी.ई.ओ. (CEO) आर्सलन कयानी (Arsalan Kayani)। यह एक एडटेक (Edtech) प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए, व्यक्तिगत जरूरतों के आधार पर किफायती ट्यूशन तक पहुंच और उपलब्धता, अंतर्राष्ट्रीय स्टार्टअप्स के लिए सॉफ्ट-लैंडिंग जगह तक पहुंचाना है और इसे ब्रैम्पटन में विस्तार चाहने वाले निर्माताओं के साथ मीटिंगों में शामिल किया गया था।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने, निवेश आकर्षण मिशनों के लिए केंद्रित क्षेत्रों को लक्ष्य बनाया, जो डेटा संचालित विशलेषण पर आधारित है, इससे पता चलता है कि पिछले अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों, ब्रैम्पटन के विविध प्रवासी समुदाय, डेमोग्राफिक समानताओं और बिजनेस रिटेंशन एंड एक्सपेंशन (Business Retention and Expansion) (BR&E) अवसरों के आधार पर कौन-सी मार्किटों में निवेश के सबसे शानदार अवसर और लंबी-अवधि की नौकरी वृद्धि है।

**हवाले**

“इस जैसे मिशन, व्यवहारिक रिश्ते बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिनके परिणामस्वरूप ब्रैम्पटन में अधिक वृद्धि और निवेश होता है। हम जोशपूर्ण स्वागत और सफल बातचीत के लिए शुक्रगुजार हैं, जो कारोबारी वृद्धि के लिए हुई थीं और सिटी इस गर्मी GT20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रही है। हम हमारे प्रीमियर स्टार्टअप इनक्यूबेटर BHive के द्वारा पूरी दुनिया से ब्रैम्पटन में आने वाले उभरते कारोबारियों का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं क्योंकि हम एक शानदार उज्जवल कार्यबल, जो हमारे शहर को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए तैयार है, के साथ एक इनोवेटिव, रचनात्मक और जुड़ी हुई कम्युनिटी बना रहे हैं।”

- *पैट्रिक ब्राउन* (Patrick Brown), *मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का इकोनॉमिक डिवेल्पमेंट ऑफिस, ऐसी योजनाएं, प्रोजेक्ट और पहलकदमियां विकसित करना जारी रखेगा, जो शहर में निवेश लाने के लिए मुख्य मार्किटों में निवेश को आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं, काफी हद तक पाकिस्तान में इस मौजूदा निवेश आकर्षण मिशन की तरह।”

*- क्लेयर बार्नेट (Clare Barnett), डायरेक्टर, इकोनॉमिक डिवेल्पमेंट*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 90,000 से अधिक कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca